प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
नियोजन विभाग,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उ0प्र0शासन।

पत्रांकः 98/2020/349/35-1-2020 /दी0 यो0 प्र0 /2020 दिनांकः 24 अगस्त,2020

महोदय,

नियोजन विभाग द्वारा विभिन्न विभागों की बेस्ट प्रैक्टिसेज का पुस्तिका के रूप में संकलन किया जाना है। फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत किये गये अच्छे व गुणवत्तापूर्ण कार्यों के साथ आई0टी0/आई0टी0एस0 का राज्य स्तर पर किया गया प्रयोग/अभिनय प्रयोग भी शामिल करने पर विचार किया जा सकता है, जो अन्य राज्यों के लिये अनुकरणीय बन सके।

अत: आपसे अनुरोध है कि आप अपने विभाग की तीन बेस्ट प्रैक्टिसेज को संलग्न टेम्पलेट के दिशा-निर्देशों एवं नीति आयोग की साइट Report of NITI Aayog Best Practices of State Department of में प्रदर्शित रिपोर्ट (जिसकी एक प्रति संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है) का अनुपालन करते हुए अधिकतम 500 शब्दों में, जिसमें फोटो, ग्राफ एवं टेबल सम्मिलित होगें, नियोजन विभाग को विलम्बतम 15 सितम्बर, 2020 तक हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में (ईमेल- dirppd@nic.in) हिन्दी एवं अंग्रेजी में (हिन्दी मंगल यूनीकोड 11 फांट साइज़ में तथा अंग्रेजी में Times New Roman 10 फांट साइज़ में) उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे मा0 मुख्यमंत्री जी के समक्ष ससमय प्रस्तुत किया जा सके।

संलग्नक- यथोपरि।

भवदीय,

(कुमार कमलेश)
अपर मुख्य सचिव।

<u>पत्रांक व दिनांक यथोक्त।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- अपर मुख्य सचिव, मा०मुख्यमंत्री जी, उ०प्र०शासन, लखनऊ।
2- स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ०प्र०शासन, लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

<u>बेस्ट प्रैक्टिसेज/अभिनव प्रयोग को भेजने हेतु गाईडलाइनः-</u>

I. वर्ष **2019-20** एवं वर्ष **2020-21** की बेस्ट प्रैक्टिसेज को प्राथमिकता दी जाये।

II. सबसे पहले तथ्य पत्रक **(Fact Sheet)** में सुचनाओं को प्रदर्शित करें जो चार सेक्शन में संलग्न है। संलग्नक में दी गयी चार बिन्दुओं का समावेश हो।

III. विस्तृत विवरण **(500 शब्द)** से ज्यादा ना हो, पेज को दोनों तरफ इस्तेमाल करते हुये मंगल में 10 फॉन्ट पर कार्यवाही करें।

1.**<u>पृष्ठभूमि(Background)-</u>**

इसमें जहाँ कि बेस्ट प्रैक्टिसेज हैं- ग्राम/ब्लाक/तहसील व जनपद को गूगल मैप के माध्यम से उस स्थान को प्रदर्शित करते हुये तैयार करें।

2. <u>हस्तक्षेप(Intervention)-</u>

यदि बेस्ट प्रैक्टिसेज अभिनव प्रयोग पर आधारित है तो किस प्रकार अभिनव प्रयोग किया गया है- तकनीकी, समाजिक या आर्थिक इसको इंगित करें।

3. <u>प्रभाव(Impact)-</u>

- यह बेस्ट प्रैक्टिसेज जनमानस पर किस प्रकार का प्रभाव डाल रही है, तकनीकी, समाजिक या आर्थिक, के साथ ही यह भी इंगित करें कि बेस्ट प्रैक्टिसेज स्थान विशेष पर कितने लोगों/क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है।
- इसके प्रभाव से क्या-क्या लाभ जनमानस को प्राप्त हुये इसे भी अपने बेस्ट प्रक्टिसेज में शामिल करें।

4. <u>मुख्य परिणाम(Key Outcome)-</u>

यह भी अवगत कराये कि बेस्ट प्रक्टिस से क्या उपलब्धि हासिल हुयी।

5. <u>विकल्पों को बढ़ाएं(Scale Up Options)-</u>

क्या इस बेस्ट प्रक्टिस को ग्राम/खण्ड विकास/क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी लागू किया जा सकता है, इन सम्भावनाओं को भी चिन्हित किया जाये।

6. <u>महत्वपूर्ण उपलब्धियां(Key Takeaway)-</u>

भविष्य के लिये क्या करना चाहिये व इससे क्या शिक्षा प्राप्त होती है, इसको भी इंगित कीजिये।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

7. सारांश(Summary)-

अन्त में पूरी प्रैक्टिस का छोटा सा सारांश जिसमें उपरोक्त सभी बातें शामिल हों उसे इंगित करें।

8. इसमे क्या सीखने को मिला (Lesson Learnt)-

यह प्रैक्टिस और क्या बताती है कि हमें और किस प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता होगी। क्या इसे और बेहतर बनाने के लिये गाईडलाइन कि आवश्यकता है, कोई पॉल्सी फ्रेमवर्क विकसित करने की आवश्यकता है या लोगों की क्षमता वर्धन की आवश्यकता है, इसको भी इंगित करें।

9. बैस्ट प्रैक्टिसेज भेजते समय निम्न बातों का भी विशेष ध्यान रखा जायः-

- यह हिन्दी व अंग्रेजी दोनो भाषाओं में प्रेषित की जायेगी।
- प्रेषित करते समय वर्ड डाक्यूमेंट (नान पी0डी0एफ0) में ही प्रेषित करें, जिसमें किसी भी समय एडिटिंग करते समय दिक्कत न हो।
- हिन्दी में मंगल यूनीकोड 11 फांट साइज़ व अंग्रेजी में Times New Roman 10 फांट साइज़ का इस्तेमाल किया जाये।
- 2-3 फोटो से ज्यादा फोटो न हो, फोटो हाई रिजूलेशन की हो।
- सभी (ग्राफ/टेबल/फोटो) को समावेश करते हुए यह प्रैक्टिस 500 शब्दों से ज्यादा की न हो।

➢ यदि बैस्ट प्रैक्टिसेज कोई ज्यादा पूरानी हो (दो या तीन वर्ष पूर्व की) और अभी भी प्रासांगिक हो तो उसमें एक या दो ग्राफ (बार,पाई,या लाइन) में भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

अन्त में जिसके द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज तैयार की जा रही हो तो उस अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, ईमेल (बोल्ड में) प्रस्तुत किया जाये।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

GUIDELINES FOR THE BEST PRACTICES

……

- **Fact Sheet**
  a) Place of Implementation :
  b) Implementation Agency :
  c) Sector :
  d) Year of Launch :

……

- **Details**

  a) Background
     - Location with the Google Map-Village/ Block/ Tehsil /District

  b) Intervention
     - Innovative – Technical
       – Social
       – Economical

- **Impact**
  - Technological
  - Social
  - Economical

  a) How many person will be affected ?
  b) How many area will be affected ?
  c) What benefits will get from this impact ?

- **Key outcome –Identify**

- **Scale up options** -What should be the strategy for scaling up?
- **Key Takeaway**

SUMMARY

Lesson learnt
- Administrative wherever it is possible ------
- Guidelines Required ?
- Policy Framework Required ?
- Needs of the Capacity Building Required ?

➢ Authors details-
- **Officers Name –**
- **Officers Designation –**
- **Officers Mobile No. –**
- **Officers email ID –**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

Word limit - 500 words (back to back 2 pages)-inclusive of Tables, charts, photographs (high resolution)

Both in Hindi and English

Time of Submission- 4 weeks by 15 Sept. 2020

Note: - follow the Report of NITI Aayog Best Practices of States

Department wise….(At NITI SITE)

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।